देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 137 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**यह चर्चा उठती रही है



# पेज थ्री

देहरादून, शनिवार, 29 अगस्त 2020



मौसम अधिकतम 29.0° न्यूनतम 22.0°

38040.57

2 जनरल ने बनाई अरबों रुपये की संपत्ति

7 खेल रत्न पुरस्कार सम्मान की बात

## संक्षिप्त समाचार

### कोरोना काल में ही होंगे बिहार विस चुनाव, खारिज की याचिका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
पटना। कोरोना काल में बिहार विधानसभा चुनाव कराने को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने भी अनुमति दे दी है। शुक्रवार को एक मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने निर्वाचन आयोग को चुनाव कराने की अनुमति दे दी है। देश की सबसे बड़ी अदालत ने कहा कि कोरोना के चलते चुनाव को नहीं टाला जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि चुनाव रोकने के लिए दायर की गई याचिका का इरादा गलत है। चुनाव को किसी भी कीमत पर टाला नहीं जा सकता है। अविनाश ठाकुर ने चुनाव रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चुनाव कराने की आजादी चुनाव आयोग के पास है।

### लगातार दूसरे दिन 75 हजार से ज्यादा नए मामले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। देश में लगातार दूसरे दिन कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों का आंकड़ा 75 हजार के ऊपर रहा है। लगातार बढ़ते मामलों के बीच ठीक होने वाले मरीजों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है। बीते 24 घंटों के दौरान 60 हजार से ज्यादा लोगों ने कोरोना वायरस को मात दी है, जिसकी वजह से ठीक होने वालों की संख्या 25.83 लाख के पार पहुंच गई है। कुल मामलों की संख्या 33 लाख 87 हजार 501 हो गया है। लेकिन सबसे अच्छी बात ये है कि इनमें से 25 लाख 83 हजार 948 मरीज पूरी तरह से स्वस्थ हो चुके हैं।

### जम्मू–कश्मीर के शोपियां में एनकाउंटर में मारे गए चार आतंकी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
श्रीनगर। जम्मू–कश्मीर के शोपियां जिले में शुक्रवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। जम्मू–कश्मीर पुलिस ने बताया कि इस एनकाउंटर में चार अज्ञात आंतकियों को सुरक्षा बलों ने मार गिराया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा बलों ने जिले के किलूरा इलाके में आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद वहां घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया था।

# 6 राज्यों ने खटखटाया सुको का दरवाजा

## देश में नीट–जेइइ परीक्षा कराने को लेकर बवाल जारी

■फैसले पर पुनर्विचार की अपील

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



नई दिल्ली। कोरोना महामारी संकट के दौरान देश में NEET&JEE परीक्षा कराने को लेकर बवाल जारी है। इसको लेकर कई जगह छात्रों ने विरोध प्रदर्शन भी किया है। इस बीच देश के 6 राज्यों ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। 6 राज्यों ने सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दाखिल कर सुप्रीम कोर्ट से अपने फैसले पर पुनर्विचार की अपील की है।

इन 6 राज्यों में पश्चिम बंगाल, झारखंड. राजस्थान, छत्तीसगढ़ पंजाब और महाराष्ट्र शामिल हैं। इन 6 राज्यों के मंत्रियों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है और अदालत के 17 अगस्त के आदेश की समीक्षा करने और सितंबर में होने वाली JEE NEET को स्थगित करने की मांग की।

**राज्यों के अलग-अलग रुखः** जेईई और नीट परीक्षाओं के आयोजन को लेकर अलग–अलग राज्यों का रुख अलग–अलग है। एक तरफ जहां कई राज्य परीक्षाओं के आयोजन को लेकर तैयार हैं तो कुछ राज्य परीक्षाएं आयोजित करने में असमर्थता जता रहे हैं। यूपी के उप–मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा ने केंद्र सरकार से परीक्षाओं के आयोजन के लिए सहमति जताई है तो वहीं झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शिक्षा मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक को पत्र लिखकर परीक्षाओं के आयोजन को फिलहाल स्थगित करने की मांग की है।

**कांग्रेस का विरोध प्रदर्शनः** कांग्रेस आज देश के कई हिस्सों में विरोध प्रदर्शन कर रही है। दिल्ली के शास्त्री भवन के बाहर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता जुटे हैं। चेन्नई में भी कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदर्शन कर रहे हैं। बेंगलुरु और अहमदाबाद में भी प्रदर्शन हो रहे हैं।

**पीएम मोदी को लिखी गई चिट्ठी** देशभर में जेईई–नीट परीक्षाओं को लेकर दो गुट बन चुके हैं। एक खेमा(गुट) परीक्षा के खिलाफ है तो दूसरा इसे आयोजित कराने के पक्ष में है। एक ओर जहां देश के 6 गैर भाजपा शासित राज्यों ने सितंबर में परीक्षाएं कराने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाने का फैसला किया है। वहीं दूसरी देश–विदेश के 150 से ज्यादा शिक्षाविदों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखकर अपील की है कि परीक्षाएं रोक दी जाएं।

### 6 राज्यों के मंत्रियों ने डाली याचिका

वकील सुनील फर्नांडिस के माध्यम से पश्चिम बंगाल, झारखंड, राजस्थान, छत्तीसगढ़, पंजाब और महाराष्ट्र के मंत्रियों ने याचिका दायर की है। जबकि मुख्य याचिकाकर्ता पश्चिम बंगाल के श्रम मंत्री मोलोय घटक, झारखंड के वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव, राजस्थान के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. रघु शर्मा, छत्तीसगढ़ के योजना मंत्री अमरजीत भगत, पंजाब के मंत्री बलबीर सिंह सिद्धू और महाराष्ट्र के उच्च और तकनीकी शिक्षा मंत्री उदय रविंद्र सामंत शामिल हैं।

### राहुल और प्रियंका ने नीट और जेईई परीक्षाएं टालने की मांग की

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कोरोना महामारी के बीच नीट एवं जेईई की परीक्षाएं कराने के फैसले का एकबार फिर विरोध किया है। राहुल ने शुक्रवार को छात्रों की मांग के समर्थन में एक वीडियो ट्वीट करते हुए कहा कि सरकार को सभी पक्षों से बातचीत करके सहमति बनाते हुए समाधान निकालना चाहिए। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने भी सरकार से छात्रों की मांग पर विचार करने की मांग की।

# सीबीआई ने की रिया चक्रवर्ती से कड़ी पूछताछ

## सुशांत सिंह राजपूत केसः मुंबई में एनसीबी के अधिकारियों की मीटिंग शुरू

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। सुशांत सिंह राजपूत केस में शुक्रवार का बेहद अहम दिन रहा। जांच के आठवें दिन सीबीआइ रिया चक्रवर्ती से पूछताछ कर रही है। रिया चक्रवर्ती सुबह करीब 10:30 बजे सीबीआई पूछताछ के लिए डीआरडीओ गेस्ट हाउस पहुंच गई।सीबीआइ की एक टीम रिया से सवाल पूछ रही है, दूसरी टीम सुशांत के दोस्त सिद्धार्थ पिठानी और सैमुअल मिरांडा से और तीसरी टीम रिया के भाई शौविक से डीआरडीओ गेस्ट हाउस में पूछताछ कर रही है।

माना जा रहा है कि सीबीआइ गवाहों को आमने–सामने बिठाकर भी पूछताछ कर सकती है। इससे पहले रिया के भाई शौविक से सीबीआई और ईडी ने उनके पिता से भी कई घंटे तक पूछताछ की थी। सुशांत केस में सीबीआइ के अलावा ईडी और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीमें भी जांच कर रही हैं।

**ईडी अधिकारियों से मिले एनसीबी की अधिकारीः** मुंबई पहुंची छब्ठ की टीम ने इस बीच ईडी के अधिकारियों से मुलाकात की है। एनसीबी के अधिकारी मुलाकात के बाद अपने दफ्तर पहुंच गए हैं। नारकोटिक्स ब्यूरो के डिप्टी डायरेक्टर केपीएस मल्होत्रा ने बताया कि मामले की शुरुआत जांच शुरू कर दी गई है। एनसीबी के अधिकारियों की मीटिंग शुरू हो चुकी है। इस मीटिंग में सुशांत केस के ड्रग ऐंगल में आगे का प्ष्लान ऑफ ऐक्शन तैयार किया जा रहा है।

**मुंबई के डॉक्टरों से बात करेगी एम्स की टीमः** सुशांत मामले में अटॉप्सी और विसरा रिपोर्ट की जांच पर एम्स की टीम को शुक्रवार को रिपोर्ट देनी है। अब खबर है कि एम्स की टीम सुशांत का पोस्टमॉर्टम और विसरा जांच करने वाले डॉक्टरों से बात करेगी।

### रिया से सीबीआइ के सवाल

सीबीआई ने रिया से पूछताछ में उनसे ड्रग लिंक को लेकर सवाल किया है। रिया से यह भी पूछा गया है कि क्या उन्होंने सुशांत की मर्जी से उन्हें सीबीडी ऑयल दिया था? सीबीआई ने रिया से पूछा है कि वह वाटरस्टोन रिजॉर्ट क्यों शिफ्ट हुई थीं? यह वही रिजॉर्ट है, जहां सुशांत और रिया दो महीने रुके थे। इसी रिजॉर्ट में रिया ने स्पिरियुअल हीलर से सुशांत का इलाज करवाया था। सीबीआई की टीम दो बार इस रिजॉर्ट भी जा चुकी है, जबकि रिजॉर्ट के मैनेजर और स्टाफ को भी बीते दिनों सीबीआई ने गेस्टहाउस बुलाकर पूछताछ की थी।

# रुद्रपुर में चार लोगों की हत्या,घर में ही दफनाया शव

**संवाददाता**

रुदपुर। उत्तराखंड के ऊधमसिंहनगर जिले के रुद्रपुर में चार लोगों की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मामला ट्रांजिट कैंप क्षेत्र का है। प्राथमिक सूचना के मुताबिक हत्यारोपित दामाद है। बताया जा रहा है कि उसने ही एक साल पहले अपने सास–ससुर और दो सालियों को मौत के घाट उतारने के बाद घर में ही दफना दिया था। बताया जा रहा है कि चारों लोगों की हत्या उसने प्रॉपर्टी के लिए की है।

सूचना के बाद से एसएसपी, आईजी कुमाऊं अजय रौतेला और पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई है। हत्यारोपित के बताए स्थान पर शवों को ढूढ़ने के लिए खुदाई की जा रही है। जबकि पुलिस ने आरोपित और उसकी पत्नी को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है। वारदात सामने आने के बाद से क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

**बेटी भी मां-बाप और बहन की हत्या में शामिलः** रुद्रपुर निवासी हीरालाल 55 वर्ष, उसकी पत्नी हेमवती 45 वर्ष और दो बेटियां पार्वती 24 वर्ष और दुर्गा 20 वर्ष ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में निवास करते थे। उन्होंने अपनी सबसे बड़ी बेटी लीलावती की शादी नरेन्द्र गंगवार से की थी। शादी की बाद से नरेन्द्र भी उनके पास रहता था। लेकिन 2015 में प्रॉपर्टी को लेकर विवाद हुआ। नरेन्द्र और उसकी लीलावली पूरी प्रॉपर्टी हड़प लेना चाहते थे। जबकि हीरालाल की दो और बेटियां थीं। उन्होंने जब पूरी प्रॉपर्टी नरेन्द्र के नाम करने से इन्कार कर दिया तो तो वह अपनी पत्नी और चार बच्चों के साथ अलग रहने लगा। पिछले साल 20 अप्रैल 2019 में नरेन्द्र, पत्नी और उसके किराएदार विजय ने प्लान बनाकर चारों को मौत के घाट उतार दिया। पूछताछ में नरेन्द्र ने बताया कि बीते साल 20 अप्रैल को तीनों ने मिलकर पहले ससुर और साली की हत्या की। फिर बाहर से दूध लेकर लौटीं सास और साली को भी मौत के घाट उतार दिया।

### फर्दाफाश

दामाद ने सास–ससुर समेत दो सालियों को मौत के घाट उतारा


*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# पाकिस्तान को बेनकाब करेगा भारत

### पाकिस्तान की दो बैंकों में जमा किए गए थे 10.43 लाख रुपये

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पुलवामा फिदायीन हमले में पाकिस्तानी साजिश से जुड़े सबूतों के साथ भारत फाइनेंशियल ऐक्शन टास्क फोर्स में पाकिस्तान को बेनकाब करेगा।

हमले के आरोपी मोहम्मद उमर फारूक के पेशावर और खैबर एजेंसी के दो बैंक अकाउंट्स में पाकिस्तान बेस्ड जैश ए मोहम्मद के मास्टरमाइंड ने 10.43 लाख रुपये जमा किए थे। 14 फरवरी को हुए पुलवामा हमले से जुड़ा ये सुराग मिलने के बाद एफएटीएफ में पाकिस्तान को ब्लैक लिस्टेड कराने के मामले में भारत को मदद मिल सकती है।

सूत्रों के मुताबिक, पाकिस्तान स्थित बैंकों में पुलवामा हमले के लिए की गई फंडिंग का मुद्दा भारत उठा सकता है। पुलवामा हमले की साजिश रचने और गुनाहगारों को पनाह देने के मामले में भारत पाकिस्तान को बेनकाब करेगा। एक अधिकारी ने कहा, फैक्ट यह है कि एक जैश आतंकवादी पाकिस्तान में अपने बैंक अकाउंट्स में फंड ले रहा था, जिसका इस्तेमाल पुलवामा हमले के लिए इस्तेमाल की गई कार और विस्फोटक खरीदने के लिए किया।